रविवासरीय
हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

निःशुल्क कोचिंग के लिए 10 से शुरू होगा पंजीयन
पेज 12 ▮ डोनाल्ड ट्रंप को खुफिया जानकारी

रविवार, 07 फरवरी 2021, बरेली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, 21 संस्करण, नगर
www.livehindustan.com

PAGE NO 06,MIDDLE RIGHT

नर्सिंग के छात्रों को दिलाई मानव सेवा की शपथ

एसआरएमएस में शनिवार को शपथ ग्रहण समारोह हुआ। • हिन्दुस्तान

बरेली | हिन्दुस्तान संवाद

श्री राममूर्ति स्मारक कालेज आफ नर्सिंग में 15वां बैच जीएनएम और चतुर्थ बैच बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं का शपथ ग्रहण समारोह (कैपिंग, लैंप लाइटिंग एंड ओथ सेरेमनी-2020) महाविद्यालय के आडिटोरियम में हुआ। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर डा. अमूल कपूर कमान्डेन्ट मिलिट्री हास्पिटल, ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति, आदित्यमूर्ति ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। नर्सिंग कॉलेज की एसिस्टेन्ट प्रोफेसर वेरियम चेनु हेन्थोई ने विद्यार्थियों को मानवता की सेवा करने की शपथ दिलाई। इसके बाद नर्सिंग कॉलेज के 14 छात्र-छात्राओं छात्रवृत्ति दी गई। प्रिंसिपल प्रो. शमसाद आलम ने अतिथियों का स्वागत किया।

एमबीबीएस के नए विद्यार्थियों ने ली महर्षि चरक की शपथ : बरेली। एसआरएमएस मेडिकल कालेज में एमबीबीएस के नए विद्यार्थियों के लिए व्हाइट कोट सेरेमनी मनाई गई। शनिवार को इस आयोजन में मेडिकल कालेज के 16वें बैच के विद्यार्थियों को व्हाइट कोट पहनाया गया और सभी ने मरीजों के उपचार के लिए महर्षि चरक की शपथ ली। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने विद्यार्थियों का स्वागत किया। प्रिंसिपल डा. एसबी गुप्ता, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति, एमएस डा.आरपी सिंह, डीन यूजी डा. रोहित शर्मा, डीन पीजी डा. पियूष अग्रवाल, प्रॉक्टर डा. एनके अरोरा, डीएसडब्ल्यू डा. अतुल थे।